< 14जून-दैनिक जागरण BH

महाराष्ट्र रेरा की टीम ने साझा किए अपने अनुभव

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : देश भर के अलग-अलग राज्यों के रेरा (रियल इस्टेट रेगुलेटरी अथारिटी) के अनुभवों से सीख लेकर कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने के उद्देश्य से बिहार रेरा ने 'रेरा की बातें' नाम से विशेष पहल की है। इसी सिलसिले में महाराष्ट्र रेरा की टीम दो दिवसीय दौरे पर पटना आई है। गुरुवार को महाराष्ट्र रेरा के अध्यक्ष अजाय मेहता और सदस्य महेश पाठक की टीम ने बिहार रेरा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए।

बिहार रेरा के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने कहा कि घर के खरीदारों के हितों की रक्षा करना रेरा बिहार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस तरह के आयोजन का उद्देश्य देश भर में अच्छी प्रथाओं को पहचानकर आवश्यकता अनुसार अपनाना है। उन्होंने कहा कि इस पहल के तहत अन्य राज्यों की रेरा की टीमों को भी बिहार में आमंत्रित किया जाएगा। महाराष्ट्र रेरा के अध्यक्ष अजाय मेहता ने इस अभिनव शुरुआत करने के लिए रेरा बिहार के अध्यक्ष का आभार जताया। कहा कि इस प्रथा को देश के रेरा द्वारा अपनाने की जरूरत है, क्योंकि यह सभी के लिए फायदेमंद होगा। महाराष्ट्र रेरा सदस्य महेश पाठक ने नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रमोटर्स के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के बारे में प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया। बिहार रेरा की सदस्य नूपुर बनर्जी ने पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हरित भवनों की आवश्यकता पर जोर दिया। अन्य सदस्य एसडी झा ने निबंधित परियोजनाओं की निगरानी पर जोर देते हुए कहा कि नियमित निगरानी की जाए तो विवादों की संख्या कम हो जाएगी।

पटना में पदाधिकारियों के साथ बैठक में मौजूद रेरा अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह एवं महाराष्ट्र के अध्यक्ष अजाय मेहता। • सौ : विभाग